It is a very smart and a sensible amendment that we are looking at right now. 'Smart' I say because the concept is smart. It is also a very sensible move because e-rickshaws are operated under batteries, and they have motors. So, it has to come under the Motor Vehicles Act. These e-rickshaws are very important if you consider the smart India concept and if we want to protect our environment and if we want to use much better ways low cost transport, then this is the solution that we have. In that case, when the Delhi Government had banned the e-rickshaws in 2014, I would like to say that it is a welcome move from the Government of India that they want to bring in this amendment, by which they want to regularize e-rickshaws and e-carts.

My only concern is this; this might be keeping in mind the one lakh e-rickshaw owners that we have right now. But we have to see that with the one lakh e-rickshaws, there will be at least four people traveling in that. We should also consider the safety of these four lakh people and the safety of the people who are on the roads, when they are put on the road. How much are we compromising on safety, because we are saying that we will give them licenses? They would not have to go through many hassles as the normal commercial vehicle owners have to go through. We will make it easier for them; they do not have to hold the learners license for one year. But how much are we compromising on the safety standards? Holding a drivers license is not just learning to drive the vehicle. They also know the rules of the road. That has to be taken care of. We also see that in the Special CMV 16th amendment for e-rickshaws, there have been certain specifications. These specifications are given for 2000 Watt e-rickshaws. They say that there will be a minimum of four passengers and with a limit of 40 kgs. and if you are transporting goods, it has to be under 310 kg. and the maximum speed up to 25 km. etc. Now, in the Act, in the definition it says that the e-rickshaws can have a motor of up to 4000 Watt. So, there is this gap between 2000 Watt and 4000 Watt – what should be the safety standards of these e-rickshaws. That has to be mentioned; it is not mentioned in the Bill.

I would also like to say that in today's Government, Shri Narendra Modi Ji has publicized the 'Make in India' concept. I think, it is a very good opportunity that we can bring it to the e-rickshaws also.

Presently, we see that for making e-rickshaws, we are importing all goods from China and assembling the e-rickshaws here. But if we make it mandatory that whatever e-rickshaws are being used in India should be made in India only, then we can encourage employment and see that there is quality control of the vehicles that are being built. It is because we do not know what kind of goods come from China. You cannot depend on the quality of Chinese products. So, it is better if we use made-in-India products for building e-rickshaws.

There are a couple of suggestions also. This can also be used for women empowerment. I do not know why our friends are saying that this is meant only for Delhi. This is an Act meant for the whole country. There are a lot of other cities which want to introduce e-carts in their own cities. Even in my constituency which is a rural constituency, I want to introduce e-rickshaws and empower women to drive them. Taking the country as a whole, I think, the hon. Minister should consider this Bill. This Bill should not be just looking at the Delhi elections. I hope that it should be for the whole country.

This is a very good Bill. I welcome this Bill and support this Bill on behalf of my Party and our leader Shri Chandrababu Naidu. If we introduce e-rickshaws in the capital of Andhra Pradesh, we would request the help of the hon. Minister in introducing them specifically in Andhra Pradesh and in other States as well.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय सभापति महोदय, मैं मोटरयान (संशोधन) विधेयक 2014 का समर्थन करता हूँ। ई-रिक्शा और ई-गाड़ी के आने से दिल्ली या देश के अन्य शहरों में हाथ से रिक्शा खींचने वाले जो गरीब आदमी हैं, उन्हें राहत मिलेगी। केवल गरीब आदमी को ही राहत नहीं मिलेगी बल्कि देश में पॉल्युशन कम हो जाएगा। देश के कई शहरों में तीन पहियों वाला रिक्शा चलता है। इस रिक्शा चलाने वाले गांव से, दूर से आते हैं। अपनी रोज़ी-रोटी के लिए गरीब आदमी इस देश में रिक्शा चलाता है, हाथ से रिक्शा खींचने का काम करता है। उसका पूरा परिवार इस रिक्शा पर निर्धारित रहता है।

माननीय मंत्री महोदय, जो महाराष्ट्र से आते हैं, मैं उनका स्वागत करता हूँ कि इसके पहले किसी ने यह सोच नहीं रखी कि जो गरीब आदमी है, जो हाथ से रिक्शा खींचता है, जो पूरी तरह से उस रिक्शे पर निर्धारित रहता है, उसको राहत मिले। उस गरीब आदमी को इससे पहले किसी ने देखा नहीं है। उसकी गरीबी को किसी ने नहीं देखा। उसके ऊपर एक तरह से जुल्म होता है। उस जुल्म को किसी ने नहीं देखा, मोदी सरकार के मंत्री जो मेरे महाराष्ट्र से आते हैं, उन्होंने देखा। मैं इनका अभिनंदन करता हूँ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध करता हूँ कि देश की राजधानी दिल्ली में और पुरानी दिल्ली में हाथ से रिक्शा खींचने वालों की संख्या अधिक है। देश के अन्य शहरों में ऐसी संख्या बहुत सारी है। गरीब लोगों को ई-रिक्शा खरीदने हेतु, केंद्र सरकार से कोई आर्थिक सहायता देने का प्रावधान अगर होता तो गरीब आदमी रिक्शा खरीद सकता और रिक्शा खरीद कर अपना जीवन चला सकता है। नहीं तो ऐसा हो जाएगा कि पैसे वाला आदमी, रिक्शा खरीद कर गरीब आदमी को रिक्शा चलाने के लिए देगा और गरीब गरीब ही रह जाएगा और इस विधेयक का कोई उपयोग गरीब आदमी को नहीं होगा।

महोदय, इस विधेयक के अनुसार माननीय मंत्री महोदय से मैं आग्रह करना चाहता हूँ कि रिक्शा में कितने लोग बैठने चाहिए, इसके लिए इसमें प्रावधान तो है, लेकिन वस्तुस्थिति में ऐसा नहीं होता है। बच्चों को स्कूलों में ले जाने वाले रिक्शा में कैपेसिटी से ज्यादा बच्चे बैठते हैं और कई बार रिक्शा पलट जाती है या रिक्शा का एक्सीडेंट हो जाता है। कई बार ऐसी दुर्घटनाएं भी होती हैं कि उनमें स्कूल जाने वाले बच्चों की मृत्यु तक हो जाती है। मैं इस बिल के अवसर पर माननीय मंत्री जी से इस बारे में अनुरोध करना चाहता हूँ कि राज्यों में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वाले दलालों की संख्या आर.टी.ओ. कार्यालयों में दिन-

प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अगर इसके बारे में केन्द्र सरकार की तरफ से राज्यों को कोई निर्देश जाए और राज्य इस बारे में कोई नियम बनाएं तो गरीब आदमी को जल्दी से जल्दी लाइसेंस मिल सकता है।

मैं अपनी और अपनी पार्टी शिव सेना की ओर से इस विधेयक का समर्थन करता हूँ।

SHRI B. VINOD KUMAR (KARIMNAGAR): Mr. Chairman, Sir, thank you. While introducing the Bill a day before and today before the debate started on this Bill, the hon. Minister had expressed his opinion on this Bill. Friends from this side also made their observations on this Bill, saying that the Government has brought this Bill keeping in view the elections in Delhi. However, I would like to tell that on my own behalf and on behalf of my Party, the Telangana Rashtra Samiti, we are supporting this Bill keeping in view the interests of rickshaw pullers as well as the cart pullers, particularly of Delhi, as their livelihood is dependent on this.

It is a small Bill. Only two clauses are going to be amended. One amendment is with regard to licensing. The requirement for having a learner's licence for a period of one year has been relaxed. So, there is no problem in supporting it. But there is a problem regarding the second amendment, amendment to section 2(a). Probably, the courts may once again intervene also. I will read it out. It says:

> "For the purposes of this section, "e-cart or e-rickshaw' means a special purpose battery powered vehicle of power not exceeding 4000 watts, having three wheels for carrying goods or passengers, as the case may be, for hire or reward, manufactured, constructed or adapted, equipped and maintained in accordance with such specifications, as may be prescribed in this behalf."

In this Bill, there is no specification or prescription as to what type of vehicles would be e-rickshaws or e-carts. Nobody knows anything about the speed of the vehicle and about the power of the motor. The Memorandum regarding the delegated legislation, which is mentioned in page 4, states, "Clause 2 of the Bill empowers the Central Government to make rules in respect of specifications relating to the manufacture, construction, adaption, equipment and maintenance of the e-carts and e-rickshaws."

What would be the strength of the chassis of the vehicle, whether it is e-rickshaw or e-cart? What is the speed at which will they be plying on the roads of Delhi or for that matter any other city, as my friend has now made a request that it should be introduced in other cities also? Nobody knows it.

The Principal Act was brought in 1988. At that time I was young and was a new entrant in the legal profession.

17.00 hrs

That was the Act which was then brought forward with many amendments. The specifications were mentioned with regard to the other vehicles in the principal Act. But here, the Government, for the reasons best known to them, have not specified the specifications relating to manufacture, construction or adaptation of the vehicles.

With these reservations, we support the Bill. Thank you.

17.0Â½ hrs (Hon Deputy-Speaker *in the Chair*)

SHRI MD. BADARUDDOZA KHAN (MURSHIDABAD): Hon. Deputy-Speaker, Sir, as Shri Gadkari has said, he has brought forward this Bill on sympathetic grounds for the poor rickshaw pullers. There is a reason and that is election is coming in Delhi. I want to move some amendments or you may call them suggestions to this Bill.

In clause 2A(2), it is said "â€¦having three wheels for carrying goods or passengers, as the case may be, for hire or reward, manufactured, constructed or adaptedâ€¦"

Mr. Minister, you have introduced this Bill stating that e-cart and e-rickshaw pullers should be helped. I would like to say that if you are actually, seriously sympathetic to the poor people, there are lakhs and lakhs of motorized mechanical tri-rickshaws driven by diesel as the fuel. These are run by diesel engines. They are only the cheap mode of rural transport for passengers and goods. If you see in West Bengal and some other parts of India, such tri-cycles are there running in the rural parts of India. Also, they are carrying a load of one tonne and more carrying 12 to 15 passengers. They are not covered under the Motor Vehicles Act including the current one. They are not covered in this Bill also. Actually, they are also poor. In this connection, I would request the hon. Minister to cover the tri-cycles also as they are also poor. Sometimes, the police people are harassing them but they are running their tri-cycles every day, in every corner of our country. So, if you are sympathetic to the poor people, please cover these e-rickshaws also.

I have to say one more thing. In the Statement of Objects and Reasons, you have stated that it will provide employment to innumerable people who have upgraded from the manually-pulled rickshaws to the electric-powered three-wheeled vehicles. If it is true, kindly consider one thing. Suppose we have five lakh manually-pulled rickshaws. You are going to give licence to two lakh e-rickshaws. Are two lakh e-rickshaws

sufficient to replace the five lakh manually-pulled rickshaws? Where will the remaining three lakh people go? They are also poor. They will also be unemployed. Where will they go and what will you do with them?

Here, I have a suggestion to make. I want to say that if you are really interested in the poor people, then, please do provide some rehabilitation to these poor rickshaw pullers. I wish to add these two things to this Bill.

Finally, I want to say that there is nothing to hurry with this Bill. I have a suggestion. Please send the Bill to the Standing Committee. After getting the recommendations from the Standing Committee, then, finally discuss it in the House and pass the Bill.

With these words, I conclude. Thank you.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी पार्टी शिरोमणि अकाली दल की तरफ से मोटर व्हीकल अमेंडमेंट बिल के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं समझता हूं कि सरकार की इस बिल के पीछे जो भावना है, जो उद्देश्य है, वह बहुत अच्छी है। क्योंकि गरीब को रोजगार और सुविधा देना सरकार की ड्यूटी होती है और यह सरकार इस पर सही रूप में काम कर रही है। इस बिल का हम लोगों को कितना लाभ होगा, यह हमें हमारे विरोधी पक्ष के मित्रों के द्वारा जो लॉजिक दिया जा रहा है, उससे पता चल रहा है। ये कह रहे हैं कि सत्ता पक्ष इलेक्शन जीतने के लिए यह बिल लेकर आए हैं। यदि आम लोगों को लाभ होगा तो वोट डालेंगे। मुझे यह लगता है कि माननीय मंत्री जी ने इस बिल के माध्यम से अपनी जो बात रखी है, वह बिलकुल सही है। कई मित्रों ने यह कहा है कि इलेक्शन की वजह से यह किया जा रहा है, लेकिन हमारे देश में तो हर साल कहीं न कहीं इलेक्शन होते हैं। मेरे ख्याल से ऐसा कोई महीना नहीं होगा, जिसमें इलेक्शन नहीं होता है। अगर हम यह सोचेंगे तो फिर कोई बिल ही नहीं आएगा। इसलिए हर बात को इलेक्शन से जोड़ना ठीक नहीं है। क्या गरीब को रोजगार देना गलत है? क्या किसी को सुविधा देना गलत है? मैं ऐसा मानता हूं कि इस बिल को सिलेक्ट कमेटी को भेजने की दलील में कोई दम नहीं है। इसलिए माननीय मंत्री जी के द्वारा लाए गए इस बिल को पास करना चाहिए।

महोदय, मेरे इस संबंध में कुछ सुझाव हैं कि जब भी सड़क की या मोटर व्हीकल की बात आती है तो एक्सीडेंट्स की बात भी सामने आती है। ऐसे बहुत से एक्सीडेंट्स होते हैं जो कम्पनियों की कमियों के कारण होते हैं। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी को सुझाव देना चाहूंगा कि चूंकि इस बिल में तो कोई अमेंडमेंट नहीं हो सकता है क्योंकि इसे जल्दी पास करना है, लेकिन सरकार की कहीं न कहीं कम्प्रीहेंसिव रूप से ट्रांसपोर्ट पॉलिसी, व्हीकल पॉलिसी आनी चाहिए क्योंकि ट्रांसपोरट्र्स की बहुत समस्याएं हैं, इसमें बहुत मुश्किलें हैं। खेती से जुड़े लोग ट्रांसपोर्ट की वजह से परेशान होते हैं। एक ही स्टेट में एन्ट्री फीस होनी चाहिए, हर प्रदेश में जाने पर चार्ज नहीं किया जाए। ड्राइविंग लाइसेंस केवल क्वालीफाइड लोगों को ही दिया जाना चाहिए। हमारी पंजाब की सरकार ने ड्राइविंग स्कूल खोले हैं, क्योंकि एक व्यक्ति पर सैंकड़ों लोगों की जिंदगी निर्भर करती है। इसके अलावा एक्सीडेंट करने पर जो सजा है, वह बहुत कम है, इसे बहुत सख्त किया जाना चाहिए। मैन्युफेक्चरिंग को सड़कों के साथ जोड़ना चाहिए। हमने हाईवे बना दिए हैं, फ्लाईओवर बना दिए हैं, लेकिन फिर भी जाम लग रहा है। इसलिए सड़क और मैन्युफेक्चरिंग को जोड़ कर कोई ऐसी पॉलिसी आनी चाहिए जिससे ट्रांसपोर्ट आसान और लोगों के लिए सुविधाजनक बन सके। इसके साथ ही मैं इस बिल का सपोर्ट करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : उपाध्यक्ष महोदय, मोटरयान अधिनियम बिल आदरणीय गडकरी साहब ने पेश किया है और यह सही है कि आदमी ही आदमी को ढोता रहा है। इंसानी स्वभाव के खिलाफ इंसान जानवर की तरह से रिक्शा चलाता रहा है। एक कहावत है कि जाड़ा हो गर्मी हो या हो बरसात डाकिया जरूर आएगा। उसी ढंग से जाड़ा हो, गर्मी हो या हो बरसात रिक्शा चलाने वाला, रिक्शा चलाता रहता है। आज से तीस साल पहले डॉ. राम मनोहर लोहिया जी ने कहा था कि इस देश में शोषण की कई चक्कियां हैं, जिनमें रिक्शा चालक का मानसिक रूप से शोषण होता है, आर्थिक रूप से शोषण होता है और शारीरिक रूप से शोषण होता है। उन्हें अपमानित किया जाता है। उनको अपशब्दों को झेलना पड़ता है। पेट पालने के लिए उन्हें यह सब अपमान सहना पड़ता है। आज बेरोजगारी का सवाल है और ई-रिक्शा के ऊपर यह बिल आया है। सरकार उनके बहते हुए आंसुओं का ख्याल रखते हुए सरकार यह बिल लायी है। यह सही है कि इस देश में कोई खाते-खाते मरता है, कोई रोते-रोते मरता है, लेकिन रिक्शा वाले हमेशा बोझ ढोते-ढोते ही मरते हैं। उनकी हेल्थ पर भी ध्यान दिया जाए। उनके लिए रैन बसेरों का इंतजाम किया जाए। उनके बच्चों की शिक्षा-दीक्षा का इंतजाम किया जाए। खासकर, जो रिक्शा चालक उत्तर भारत के यहां हैं, बिहार और यू.पी. से हैं और अन्य ज़गहों से यहां पर हैं, उनकी गरीबी, गुरबत सबका ख्याल रखें। वे टीबी के पेशेन्ट हो जाते हैं। इस कारण उनकी कम उम्र में ही मौत हो जाती है। इसलिए उनका जीवन बीमा होना चाहिए। उनके लिए इतना इंतजाम होना चाहिए कि उनकी जिंदगी बेहतर हो सके। जो यह विधेयक लाया गया है, इसमें हम लोग इस विधेयक का नहीं, बल्कि इसके तरीके का विरोध कर रहे थे।

इसलिए मैं एक बार यही कहूंगा कि एक आम आदमी, जो कि आदमी का बोझ उठा रहा था, उस बोझ को यह ई-रिक्शा कम करेगा। यही बात कह कर मैं अपनी बात खत्म करता हूं।

श्री भगवंत मान (संगरूर): उपाध्यक्ष जी, आपने मुझे मोटर यान (संशोधन) एक्ट, 2014 पर चर्चा करने का मौका दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, माननीय मंत्री जी ने दिनांक 17 जून, 2014 को रामलीला मैदान में एक बहुत बड़ी जनसभा की थी, जिसमें ई-रिक्शा वालों को बुला कर उसमें वायदों की झड़ी लगा दी गयी थी कि उनके लिए रजिस्ट्रेशन मुक्त हो जाएगा, 650 वाट के इंजन से कम वाले को कोई परेशानी नहीं होगी और चांद-सितारे तोड़ लाने की बड़ी-बड़ी बातें की गयीं। उसके बाद जब उसके महीनों बाद पूछा गया कि क्या हुआ तो फिर वे इस बात से मुकर गए और यह कहा गया कि इसके लिए तो कानून लाना पड़ेगा, लीगली यह पॉसिबल नहीं है। वैसे तो बहुत-से यू-टर्न थे, पर उनमें से गवर्नमेंट का एक यू-टर्न यह भी है कि छः महीने से अब यह कहा जा रहा है कि यह गरीबों की रोज़ी-रोटी का सवाल है। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि ई-रिक्शा चलाने वाले लोग करीब तीन लाख परिवार हैं, इसका मतलब करीब बारह से पन्द्रह लाख लोग छः महीने से क्या खा रहे थे, इसके बारे में क्यों नहीं चिंता की गयी? अब इस बिल को आनन-फानन में पेश किया जा रहा है, क्योंकि दिल्ली में इलेक्शंस आ रहे हैं। इस ई-रिक्शा का वैसे तो मतलब इलेक्ट्रिक रिक्शा है, लेकिन यहां पर ई-रिक्शा का मतलब इलेक्शन रिक्शा है। यह जो इलेक्शन रिक्शा के संबंध के बिल लाया जा रहा है तो यह बात तो ठीक है कि आप उन गरीबों के बारे में सोच रहे हैं। लेकिन, आप उनके बारे में उसी वक्त क्यों सोच रहे हैं जब इलेक्शंस आते हैं?

महोदय, मेरे साथी चंदूमाजरा जी कह रहे थे कि इलेक्शंस तो पूरे साल चलते रहते हैं। लेकिन, क्या आप सारे बिल्स इलेक्शंस के दो महीने पहले पास कराएंगे? जो-जो बिल आ रहे हैं, जैसे कल वैंकैय्या नायडू जी अन-ऑथोराइज्ड कॉलोनियों का जो बिल लेकर आए थे, वह भी दिल्ली के इलेक्शंस से रिलेटेड है। कानून की भाषा और बोलचाल से यह लगता है कि इसमें नए ई-रिक्शा खरीदने को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिनके पास पुराने रिक्शे हैं, वे कहां जाएंगे? जो पुराने रिक्शे हैं, उन्हें भी इसी कैटेगरी में रखना चाहिए। बीजेपी की तरफ से यूपीए सरकार के बारे में जो पॉलिसी पैरालिसिस कहा जाता था, सेम पॉलिसी पैरालाइसिस मेरे ख्याल से इस सरकार को है। इसके आठ महीने हो गए। इन्होंने कोई पॉलिसी नहीं लायी। अब सिर्फ बिल में अमेंडमेंट करके आप यह समझिए कि उनको एक लॉली-पॉप दिया जा रहा है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि ई-रिक्शा में किराया कम लगता है, यह पॉल्यूशन नहीं करता और यह तंग गलियों में भी जा सकता है, उसको बढ़ावा देना चाहिए। मेरे ख्याल से उनके रजिस्ट्रेशन की फीस करीब चार-पांच लाख रुपये के आस-पास होगी। गरीब आदमी इसे नहीं उठा सकता है। इनका कोई एसोसिएशन भी नहीं है। इसलिए हर आदमी को इसकी लाइसेंसिंग के लिए दफ़्तरों में धक्के खाने पड़ेंगे।

महोदय, मैं सरकार से आग्रह करता हूं और यह सजेशन भी देता हूं कि आप उन्हें इसकी लर्निंग लाइसेंस देने के लिए या इसकी ट्रेनिंग देने के लिए दिल्ली में जगह-जगह कैम्प लगवाएं ताकि उन्हें इधर-उधर दफ़्तरों में न जाना पड़े। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि ई-रिक्शा के बारे में एक सेफ्टी स्टैण्डर्ड का कानून पास किया जाए और पिछले दिनों उन्हें एक किस्म का जो डैमेज हुआ है, उसके बारे में भी कुछ न कुछ प्रावधान किया जाए। जैसे कोई एक आदमी ही ई-रिक्शा खरीद कर उसके ड्राइवर्स न रख ले, तो जिनके पास साईकिल रिक्शा हैं या हाथ से खींचने वाले रिक्शा हैं, उन्हें सस्ते लोन पर ई-रिक्शा प्रोवाइड कराएं ताकि वे रिक्शा मालिक कहला सकें। यह मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है।

शहरी विकास मंत्री, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री एम. वैंकैय्या नायडू) : सर, भगवंत जी का भाषण सुन कर, उनकी आवाज़ सुन कर कि हाउस में कुछ हो रहा है, ऐसा सुनकर मैं भाग कर हाउस में आया।...(व्यवधान) मैं यह लाइटर वेन में कह रहा हूं।...(व्यवधान)

श्री भगवंत मान : सर, जोश के साथ होश भी चाहिए। जोश इधर है, होश उधर है।

श्री ओम बिरला (कोटा) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, सरकार ने उस गरीब व्यक्ति को जो हाथ से रिक्शा चलाता है, आज हमारे देश में युग परिवर्तन होने के बाद भी व्यक्ति-व्यक्ति को ढोता है। कोई रिक्शे के, पालकी के माध्यम से ढोता है। पहली बार ई-रिक्शा के माध्यम से सरकार ने एक नयी शुरुआत की है और ई-रिक्शा के कानून में परिवर्तन करना इसलिए आवश्यक था, क्योंकि आज भी बहुत से लोग यहां पर बेरोजगार बैठे हैं। मेरे माननीय सदस्य चर्चा कर रहे थे कि इस कानून को परिवर्तन करने की जल्दी में क्या आवश्यकता थी। इसे कोई दिल्ली के चुनाव से जोड़ रहा है, लेकिन किसी को उस गरीब व्यक्ति की चिन्ता नहीं, जो दो लाख लोग बेरोजगार बैठे हैं, उसको कानूनी जामा पहना कर उनको काम करने दिया जाए।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, इतना ही नहीं, मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अंदर पहली बार सरकार ई-रिक्शा के माध्यम से मोटल व्हीकल एक्ट में परिवर्तन भी कर रही है, लेकिन आजादी के 65 साल बाद अपने देश में हम यह कहते हैं कि इस देश के अंदर ट्रांसपोर्टेशन भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। तमाम राज्यों के आरटीओ करप्शन के अड्डे बने हुए हैं। आम आदमी को लाइसेंस से लेकर परमिट तक दलालों के माध्यम से मिलता है। पहली बार एक परिवर्तन की दिशा बनी है। एक गरीब व्यक्ति से परिवर्तन बना, यह परिवर्तन रुकने वाला नहीं है। इस देश के अंदर एक व्यापक परिवर्तन हमारे माननीय मंत्री महोदय करने जा रहे हैं। यह परिवर्तन इस देश के अंदर उस करप्शन को बंद करेगा, जिसको आजादी के 65 साल बाद हम बंद नहीं कर पाए। वह करप्शन बंद होगा, जिसकी आम जन आवश्यकता महसूस करती है। इस देश के अंदर ई-गवर्नेंस के माध्यम से आज दुर्घटना में पांच लाख लोगों की जगह डेढ़ लाख लोग मरते हैं। सड़क दुर्घटना के लिए हम सब लोग चिन्तित हैं, इसकी सुरक्षा की तरफ ध्यान देना चाहिए। इसलिए व्हीकल के अंदर व्यक्ति सुरक्षित हो और व्हीकल सुरक्षित बने, इसके लिए नये प्रयास किए जा रहे हैं। पहली बार सरकार ऑन लाइन परमिट और ऑन लाइन लाइसेंस की व्यवस्था कर रही है। इन गरीब व्यक्तियों को दूर-दूर तक लाइसेंस लेने के लिए जाना पड़ता था, इसके लिए कई चक्कर उनको काटने पड़ते थे। लाइसेंस में करप्शन होता था। इसलिए एक नयी शुरुआत की है, करप्शन को समाप्त करने के लिए लाइसेंस प्रणाली को कम्प्यूटराइज़ किया जाए। लाइसेंस लेने के लिए वह पास हुआ या फेल हुआ, उसमें हो रहा करप्शन खत्म होगा। इसीलिए ई-रिक्शा भी इस दिशा के अंदर एक कदम है।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से इतना ही कहना चाहता हूं कि हमें सारे देश के अंदर, जहां व्यक्ति ढोकर चल रहा है, चाहे वह रिक्शे में चल रहा है या अन्य किसी संसाधन से चल रहा है, उन संसाधनों को लाना जरूरी है। उन पर्वतीय इलाकों के अंदर भी, जहां व्यक्ति को व्यक्ति ढो कर जाता है, उसके लिए भी नयी टैक्नोलॉजी लाकर व्यक्ति को ढोने की प्रथा को समाप्त करना चाहिए।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने उस गरीब की चिन्ता की। उस गरीब को कानून की परिधि में भी लाएं। उन्होंने इस कानून से शीतलता भी दी। कानून की परिधि में लाने से उसे कानूनी हक भी मिलेगा, लेकिन उसके लिए एक शीतलता भी मोटर व्हीकल एक्ट में अगर लाते तो शायद उस गरीब व्यक्ति को लाइसेंस से, परमिट से लेकर जो कई समस्याएं झेलनी पड़ती हैं, उनका समाधान होगा। इन दो संशोधनों के माध्यम से, गरीब ई-रिक्शा के माध्यम से ई-रिक्शा प्रणाली को ठीक से चला पाएगा, वहीं भविष्य के अंदर हम नये मोटर व्हीकल एक्ट के अंदर, जहां व्यक्ति भी सुरक्षित रहे और पारदर्शिता हो, इस सारे कानून को लाकर इस देश में व्यापक परिवर्तन करें। मैं मंत्री महोदय को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने देश में एक नये परिवर्तन की शुरुआत की है। यह परिवर्तन की पहली शुरुआत है और भविष्य में इस परिवर्तन के माध्यम से इस विभाग में करप्शन कम होगा। इससे पारदर्शिता होगी, हम एक्सीडेंट्स को रोकेंगे और मानक रूप से सुरक्षित वेहिकल बनेंगे। इस दिशा में मंत्री जी ने व्यापक कदम उठाया है, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI GAURAV GOGOI (KALIABOR): Thank you, Sir, for giving me this opportunity. The Motor Vehicles (Amendment) Bill, 2014 clearly seeks to provide relief to drivers of e-rickshaws and e-carts by primarily relaxing the conditions to get a driver's license. No doubt, it is a noble intention.

The first speaker from BJP spoke about the inhumanity of people pulling rickshaws with their hands in this age. I, as a Congressman, completely agree with him. But I disagree when he said that the Congress does not care about the poor. I would like to remind the hon. Member

that it was under the Congress Government in Delhi that e-rickshaws were first introduced. E-rickshaws are smaller than auto rickshaws but can carry more passengers. They are as cheap as taking a cycle rickshaw ride. It is more convenient for the driver as well as for passengers. It can help passengers cover distances which are just beyond the comfort of walking.

In the introduction of this Bill there have been many questions raised about the norms of Parliamentary procedure. Hon. Minister Gadkari *ji* said: "We in the Opposition do not think that this Bill is important and that is why we are standing in opposition to the introduction of this Bill." I would like to ask a counter question to the hon. Minister. If this was so important to you, why was it missing from the list of the Business Advisory Committee? It should have been present in the list if it was so important.

Nonetheless, hon. Minister, there are many Bills which are important namely the Women's Reservation Bill, the Prevention of Communal Violence Bill, etc. We are all here to do serious legislative work but we want to follow Parliamentary norms and procedures. The way you have timed the introduction of this Bill clearly signifies that you have election objectives in mind. You think that in the Delhi Elections the voters will sit on these e-rickshaws, go to the polling booths and vote for the BJP. But that is not going to happen. I tell you, why? As Bhagwant Mann *ji* said, you had made huge sacrifices. You have overlooked huge areas of improvement. The day of 16th December will forever be a black day in India because of what happened to Nirbhaya. The whole country was shocked in silence. At that time, Shri Narendra Modi said कि बंद होगा दिल्ली में बलात्कार, अबकी बार मोदी सरकार। 5 दिसम्बर में क्या हुआ? 5 दिसम्बर में उबर कैब में यात्रा करती हुयी उस महिला पैसेंजर के साथ क्या हुआ और उससे हमने क्या सीखा? हमने यह सीखा कि एक ड्राइवर जिसका रेप का पुलिस रिकार्ड था, ...(व्यवधान) उस ड्राइवर को ऐडहॉक परमीशन दी गयी थी। पुलिस का वैरीफिकेशन भी उसके पास था। मैं पूछना चाहूंगा कि how will you ensure that what happened to the passenger of Uber cab will not happen to any female passenger of an e-rickshaw? How will you ensure that none of these drivers will have a case of rape? How will you ensure that all drivers, who get a license, will be cross checked with the National Crime Records Bureau? How will you verify and not allow such drivers to ply on the streets? Please take time to introduce this Bill. Do not be in a rush to win the votes on the seat of an election rickshaw. Think about women safety.

Verification of a driver is a very important procedure. We have seen it in the Uber cab case. I must remind the hon. Minister that when Aadhaar was introduced and the Government went on a large enrolment drive, Members, who are now in the Ruling Party and then were in the Opposition, said that in Aadhaar, we are overlooking many verification procedures. In this process, we are also giving Aadhaar cards to Bangladeshi immigrants to get the Bangladeshi vote bank.

Now, I want to put one question to the hon. Minister. The Prime Minister said that after May 16 th, all illegal Bangladeshis would flee. Can you ensure that out of all the licence holders of e-rickshaws, not a single illegal Bangladeshi will get a licence?

Sir, the hon. Members of Parliament from BJP only see Bangladeshis at the time of election. When they are in power and when they can do something about it, they are not ensuring any procedures, which you can see in this Bill. We have seen a 'U' turn on the land boundary agreement and now we have seen a 'U' turn on this. So, BJP must think about it. BJP is not thinking about the drivers. Giving licence will provide relief to one extent that these drivers face innumerable harassment, spot checks and their vehicles get impounded, they get pulled over by Police and they get harassed by Police and they are taken to jail. They come from a poor rural background, often from outside Delhi. They are afraid and they are threatened and intimidated. उनको आप कैसे बचाएंगे? लाइसेन्स लेने में कितना करप्शन होता है? एक ड्राइवर को लाइसेन्स लेने में ही 2 लाख रुपए या 4 लाख रुपए ब्राइब देना पड़ता है। क्या आप एनश्योर करेंगे कि ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेन्ट में कोई करप्शन नहीं होगा? ...(व्यवधान) किसी ड्राइवर को ब्राइब नहीं देना पड़ेगा, हफ्ता नहीं देना पड़ेगा? ...(व्यवधान) आप वह कैसे करेंगे?

Does the Minister actually have a solution for transport in mind? Delhi is one of the most congested cities. The Delhi Government under the Congress rule thought about decongesting the streets of Delhi. They thought about having Metro, which is now ranked as one of the best Metros in the world.

This Government has done this in order to please the manufacturers. They manufacture lakhs and lakhs of e-rickshaws which will actually lead to congestion of the Delhi streets. This Government must ensure that the manufacturers are put under strict guidelines to manufacture e-rickshaw within certain norms, and the tendering process and monitoring process must be transparent and open. We should ensure that family members do not benefit from political decisions.

Therefore, Sir, on the areas of women safety, on the areas of driver relief, on the areas of transport solutions, on the areas of monitoring and regulation, I feel that this Bill is weak and this Government could have done a lot more. Therefore, this Bill must be transferred to the Standing Committee.

Thank you.

श्रीमती अनुप्रिया पटेल (मिर्ज़ापुर): उपाध्यक्ष महोदय, सरकार द्वारा जो मोटर व्हीकल अमैंडमैंट बिल लाया गया है, मैं उसका स्वागत करती हूं क्योंकि यह बिल देश के उस आवाम के हित को दृष्टिगत करते हुए लाया गया है जो पिछड़े, दलित और गरीब समुदाय से आती है और दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र जैसे तमाम राज्यों में रिक्शे को चला कर, लोगों और सामान को ढोने का काम करती है।

उपाध्यक्ष महोदय, हमारे देश के अंदर शायद ही इससे बड़ी अमानवीय व्यवस्था कोई और हो, जिसमें कुछ गरीब लोग साइकिल रिक्शा को स्वयं खींचते हैं। कड़ाके की ठंड हो, तपती हुई धूप हो या मूसलाधार बारिश हो, वे ऐसा करने के लिए विवश हैं क्योंकि उन्हीं से उनके परिवार का पेट पलता है। अगर आज हमारी सरकार ने यह फैसला किया है कि वह इस अपमान भरे जीवन से ऐसे लोगों को मुक्त करना चाहती है और उनको यह एहसास दिलाना चाहती है कि आप एक इंसान हैं और आपको भी इंसान की तरह सम्मान से जीने का अधिकार है, तो हमें निश्चित रूप से इस बिल का स्वागत करना चाहिए।

HON. DEPUTY SPEAKER: Madam, you can continue your speech tomorrow.